प्रेस विज्ञप्ति
तत्काल प्रयोग हेतु

सीसी/सीसीडी/2021/पीआर/61

पावरग्रिड के कार्यपालक निदेशक CIGRE के तकनीकी परिषद पुरस्कार 2021 से सम्मानित होने वाले तीसरे भारतीय बने

गुरुग्राम, 21.08.2021

इंटरनेशनल काउंसिल ऑन लार्ज इलेक्ट्रिक सिस्टम्स (CIGRE) फ्रांस ने दिंनाक 20 अगस्त, 2021 को आयोजित CIGRE के शताब्दी सत्र के दौरान श्री अनीश आनंद, कार्यपालक निदेशक, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) को वर्ष 2021 के लिए तकनीकी परिषद पुरस्कार प्रदान किया है। सन् 1993 में स्थापित यह प्रतिष्ठित पुरस्कार इससे पहले केवल दो भारतीयों को प्रदान किया गया है।

श्री अनीश आनंद 35 से अधिक वर्षों के अनुभव वाले एक प्रमुख ट्रांसमिशन लाइन विशेषज्ञ हैं और उन्होंने विगत वर्षों में पावरग्रिड में विभिन्न जिम्मेदारियों और पदों का कार्यभार सम्भाला है। वह ओवरहेड लाइनों पर CIGRE-इंडिया नेशनल कमेटी B-2 के अध्यक्ष और CIGRE स्टडी कमेटी B2 और उसके SAG, CAG और TAG (रणनीतिक, ग्राहक और तकनीकी सलाहकार समूह) के सदस्य भी हैं।

जारीकर्ता: नरेश कुमार, वरिष्ठ महाप्रबंधक (केन्द्रीय संचार)
ट्विटर पर हमें फॉलो करें: @pgcilindia
www.powergrid.in
ई-मेल: powergrid.pr@powergrid.co.in,
naresh@powergrid.in